प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

30 जून 2026

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण और जमा दरें – जून 2026

वर्ष 2026 के जून माह के दौरान प्राप्त अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) के ऋण और जमा दर संबंधी आंकड़े सारणी 1 से 9 में दिए गए हैं।

मुख्य बातें:

ऋण दरें:

- एससीबी के नए रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) मई 2026 में 8.51 प्रतिशत रही (अप्रैल 2026 में 8.50 प्रतिशत)।
- एससीबी के बकाया रुपया ऋणों पर डब्ल्यूएएलआर मई 2026 में कम होकर 8.97 हो गई, जोकि अप्रैल 2026 में 8.98 प्रतिशत थी।
- एससीबी की एक वर्षीय निधि की सीमांत लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) की माध्यिका जून 2026 में 8.50 प्रतिशत रही (मई 2026 में 8.65 प्रतिशत)।
- मई 2026 में, नए और बकाया रुपया ऋणों पर डब्ल्यूएएलआर में विभिन्न क्षेत्रों में मिश्रित रुख देखा गया।
- मार्च 2026 के अंत में एससीबी के कुल बकाया अस्थिर दर वाले रुपये ऋणों में बाह्य बेंचमार्क आधारित ऋण दर (ईबीएलआर) से जुड़े ऋणों की हिस्सेदारी 67.6 प्रतिशत थी (दिसंबर 2025 के अंत में 65.5 प्रतिशत), जबकि एमसीएलआर से जुड़े ऋणों की हिस्सेदारी 30.2 प्रतिशत थी (दिसंबर 2025 के अंत में 32.0 प्रतिशत)।

जमा दरें:

- एससीबी की नई रुपया मीयादी जमाओं पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) मई 2026 में 5.84 प्रतिशत रही (अप्रैल 2026 में 5.79 प्रतिशत)।
- एससीबी की बकाया रुपया मीयादी जमाओं पर डब्ल्यूएडीटीडीआर अप्रैल 2026 में 6.59 प्रतिशत से घटकर मई 2026 में 6.57 प्रतिशत हो गया।

अजीत प्रसाद
उप महाप्रबंधक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2026-2027/571